तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 भाजपा का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान ग्राम ...



11 धूमधाम से मनाया पढ़ाई तिहार अंगना म शिक्षा 2026




## खबर संक्षेप

### सट्टा जुआ पर पुलिस की कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार



**बेमेतरा।** अवैध सट्टा-जुआ थाना पर नवागढ़ पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना नवागढ़ स्टाफ को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि तिलकापारा नवागढ़ में एक व्यक्ति नवनिर्मित मकान के सामने लोगों से अंकों पर रुपए का दांव लगवाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की। रेड के दौरान एक आरोपी को सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी की पहचान ललित कुमार घोष (27 वर्ष), पिता शिव कुमार घोष, निवासी तिलकापारा नवागढ़ के रूप में की गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नगदी 17,370 रुपये, एक मोबाइल फोन (कीमत लगभग 6,000 रुपये) तथा सट्टा-पट्टी और पेन जब्त किया है। कुल जब्ती रकम 23,370 रुपये आंकी गई है। इस मामले में थाना नवागढ़ में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी नवागढ़ उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री सहित साइबर सेल और थाना नवागढ़ के पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पिकअप से मवेशी की तस्करी, बजरंग दल ने पकड़ा



**साजा।** शुक्रवार की रात मवेशी तस्करी की सूचना मिलते ही बजरंग दल गौसेवक सदस्य सकिय हुए। सूचना मिली कि पिकअप में भरकर भैंस पडुवा बेमेतरा मार्ग से आ रहा है। कार्यकर्ताओं ने गाड़ी रोकने कोदवा चौक में डेरा डाल दिया। पहट होते तक गाड़ी जैसे ही कोदवा पहुंची बजरंगियों ने गाड़ी रोकने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं को देख गाड़ी चालक वाहन की गति बढ़ा दिया और भागने लगा, जहां गौसेवकों ने चालक ने वाहन को पकड़ लिया। पुलिस को सूचना दी गई दी गई। पहट में गाड़ी साजा थाना लेकर पहुंचे, जहां देर शाम तक करवाई जारी थी। सप्ताह भर में यह तस्करी की दूसरी घटना है। जिले में भाजपा विधायक होने के बाद भी बार-बार हो रही तस्करी को लेकर बजरंग दल व गौसेवक के कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखा गया। पुलिस के अनुसार चालक को गिरफ्तार किया गया है।

### लापरवाही से लगी आग ने किसान को पहुंचाया लाखों का नुकसान, थाने में मामला दर्ज

# 20 एकड़ में तबाही पंप हाउस, स्प्रिंकलर पाइप और पैरावट जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर के समीप स्थित कृषि क्षेत्र मथान खार में शनिवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पराली जलाने के दौरान भड़की आग ने अचानक विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती हुई करीब 20 एकड़ खेत में जा पहुंची, जिससे एक किसान की मेहनत पलक झपकते ही राख में बदल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित किसान शिव सिन्हा (पिता मढ़ैया सिन्हा) के खेत में रखे तीन पैरावट, पंप हाउस और करीब 70 नग स्प्रिंकलर पाइप आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। इसके साथ ही खेत में फैली पराली भी पूरी तरह नष्ट हो गई। इस घटना में किसान को एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पास के खेत में एक महिला द्वारा पराली जलाई जा रही थी। प्रारंभ में आग नियंत्रित थी, लेकिन अचानक तेज हवा चलने से आग ने विकराल रूप ले लिया और धीरे-धीरे पास स्थित शिव सिन्हा के खेत को अपनी चपेट में ले लिया। खेत में रखे पैरावट में आग लगते ही लपटें और तेज हो गईं, जिससे आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया।

घटना इतनी तेजी से हुई कि किसान को आग बुझाने का मौका तक नहीं मिला और देखते ही देखते पंप हाउस तथा स्प्रिंकलर पाइप जलकर नष्ट हो गए। आग की चपेट में पास से गुजर रहे एक अन्य किसान की साइकिल भी आ गई, जो पूरी तरह जल गई। इतना ही नहीं, खेत में लगे आम, नींबू, केला सहित अन्य फलदार वृक्ष भी आग की गर्मी से झुलस गए, जिससे अतिरिक्त नुकसान हुआ है। घटना के बाद पीड़ित किसान ने पराली जलाने वाली महिला के खिलाफ थान खम्हरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**पराली की आग ने ली भयावह शक्ल**



### ग्रामीणों में आक्रोश प्रशासन से मुआवजे की मांग

घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को शीघ्र मुआवजा दिलाने तथा पराली जलाने जैसी लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### हर साल दोहराई जा रही लापरवाही

गौरतलब है कि फसल कटाई के बाद पराली जलाने की घटनाएं हर वर्ष सामने आती हैं, जिससे इस तरह की दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके बावजूद जागरूकता और सख्ती के अभाव में यह खतरनाक प्रथा जारी है, जो किसानों के लिए भारी नुकसान का कारण बन रही है।

## मारो क्षेत्र रानीखार में भीषण आग किसानों को लाखों का नुकसान

**नवागढ़/ मारो।** ब्लॉक के मारो क्षेत्र स्थित रानी खार में शनिवार को लगी भीषण आग ने किसानों को गहरे संकट में डाल दिया। करीब 50 एकड़ से अधिक रकबे में फैली इस आग ने खेतों में लगे पावर पंप, केवल पंप हाउस और सुरक्षा के लिए लगाए गए तार व लकड़ी के पोल को पूरी तरह जलाकर खाक कर दिया। इस घटना से किसानों को लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।



स्थानीय किसान जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि उनका पंप हाउस पूरी तरह जल गया और पावर पंप भी नष्ट हो गया। उन्होंने आशंका जताई कि आग नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाई गई हो सकती है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है।

इस आगजनी से क्षेत्र के कई किसान प्रभावित हुए हैं, जिससे उनकी मेहनत और निवेश दोनों पर पानी फिर गया है। घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल फायर ब्रिगेड की उपलब्धता और सक्रियता को लेकर उठ रहा है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत नवागढ़ का फायर ब्रिगेड वर्ष 2022 से नांदघाट थाने में खड़ा-खड़ा जर्जर हो रहा है। वहीं मारो नगर पंचायत का फायर ब्रिगेड सिर्फ दिखावे तक सीमित है, मौके पर समय पर कोई राहत नहीं मिल सकी। स्थानीय लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे "फायर ब्रिगेड नहीं, कायर ब्रिगेड" तक कह दिया। ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि जिला प्रशासन और नगरीय निकाय आम लोगों की समस्याओं के प्रति बेपरवाह हैं। लोगों का कहना है कि जब तक कोई बड़ी घटना नहीं होती, तब तक केवल फोटो सेशन और दिखावटी कार्रवाई ही होती रहती है।

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल का चंडी धाम करमू में स्वागत मां चंडी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया

- बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित
- मंदिर समिति ने किया सम्मान

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सिद्ध शक्तिपीठ मां चंडी, चंडी धाम करमू आगमन पर क्षेत्र की जनता द्वारा भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। उनके आगमन से पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। इस दौरान श्री बघेल ने मां चंडी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए माता से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने इसे अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि माता के दरबार में आकर उन्हें आत्मिक शांति की अनुभूति हुई। मंदिर समिति की ओर से कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह वीरदी ने गमछा भेंटकर उनका स्वागत किया।



वहीं मंदिर के पुजारी संजय मिश्रा द्वारा उन्हें माता की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ सदस्य नरसिंह चंद्राकर ने रुद्राक्ष की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।इस दौरान में मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य व्यास नारायण पांडे, अशोक बिंदल, गौरव बिंदल, देवदत्त वर्मा (बेमेतरा), अविनाश तिवारी, महेश दुबे, बंशी पटेल (पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष, बेमेतरा), विजय बघेल (नवागढ़), शशि प्रभा गायकवाड (जिला पंचायत सदस्य), खेमा पटेल, पूर्व सरपंच राज्जू पटेल ,समय निषाद,शेर सिंह आदिवासी, कुमारी केवरा, कीर्ति, निलिमा, श्रीमती रेशमी ठाकुर, जलेश्वर वर्मा, रामानुज साहू, मुन्ना साहू, मिलाप साहू, तिजवा पटेल, डाकवर आदिवासी, भोला निषाद एवं राजू निषाद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## आत्मानंद में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**साजा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय साजा में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है। सेजेस साजा हेतु कक्षा पहली में 30 सीट, कक्षा आठवीं में 8 सीट, कक्षा 9वी में 9 सीट, 11वी गणित के 30 सीट, 11वीं बायो के 20 सीट, 12वीं गणित के 14 तथा 12वीं बायो के 15 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन किसी भी कंप्यूटर सेंटर से 5 मई तक ऑनलाइन भरा जा सकता है। उपरोक्त सीटों में से 50 प्रतिशत बालिकाओं के लिए तथा शेष का 25 प्रतिशत गरीबी रेखा के नीचे या आर्थिक स्थिति में कमजोर परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित है, बचत 25 प्रतिशत सीट सामान्य सीट है। सीटों की संख्या से अधिक आवेदन की स्थिति में लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से आरक्षणवार प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश संबंधी अन्य कोई भी जानकारी विद्यालय के सूचना पटल से तथा प्रवेश प्रभारी से प्राप्त कर सकते हैं।

## ट्रक चालक से फुंडा के पास उठाईगिरी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** पाटन पुलिस ने झपटमार करने वाले दो बाइक सवार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम भटगांव खड़गांव मानपुर निवासी डामन सलाम ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने ट्रक सीजी 08-9933 से भानुप्रतापपुर जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम लोहरसी से फुंडा के मध्य नहर नाली मोड़ के पास पहुंचा, अचानक बाइक सीजी 07 सीएच 6366 में सवार दो युवक पहुंचे। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए शर्ट की जेब से नगदी 2400 रुपये झपटमारी कर फरार हो गए। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में ग्राम गोपेमुंडी उतई ऋषभ आग्नेकर, ग्राम छांटा चंद्रकुमार निषाद है। बाइक को भी पुलिस जब्त किया है।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 13 अप्रैल को

**बेमेतरा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा द्वारा कलेक्टोरेट परिसर के कक्ष क्रमांक 64 में 13 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प में नियोजक संस्था ग्लोबल एचआर सॉल्यूशन एंड जॉब कंसल्टेंट द्वारा बैंकिंग क्षेत्र के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें सहायक प्रबंधक प्रशिक्षु के 50 पद तथा उप सलाहकार के 50 पद शामिल हैं। दोनों पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को वार्षिक वेतनमान 4,50,000 से 6,00,000 रुपये तक प्रदान किया जाएगा तथा आयु सीमा 21 से 30 वर्ष निर्धारित है। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा नियोजक (निजी संस्था) एवं आवेदकों के बीच एक मंच उपलब्ध कराया जाता है। यह नियुक्ति पूर्णतः निजी क्षेत्र की संस्थाओं में कार्य हेतु होगी। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन एवं अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक अथवा उनके प्रतिनिधि से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु अपने साथ रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छत्तीसगढ़ निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र लेकर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते हैं।










## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने योजनाओं की दी जानकारी

**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी के "गांव चलो, घर-घर चलो" अभियान के तहत ग्राम सिर्री के बूथ क्रमांक 220 एवं 221 में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी और लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान में मुख्य रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकार, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष टीआर डहरे, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत वर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री नेमलाल यादव, राजेंद्र चंद्राकर, ग्राम सरपंच श्रीमती भारती देवांगन, केशव चंद्राकर, नंदू वर्मा, सह संयोजक गुलाब देशलहरा, जगत वर्मा, खेमलाल देवांगन, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जीतू देवांगन सहित कई वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गांव-गांव में हो रहा जनसेवा का विस्तार

सेलूद। भारतीय जनता पार्टी "गांव बस्ती चलो अभियान" के तहत जमगांव आर मंडल के ग्राम कौही, बोरेन्दा एवं असोगा तथा अमलेश्वर मंडल के ग्राम जमराव में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांकरा में किया जनसंवाद

**भिलाई।** पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मंडल अम्लेश्वर द्वारा "गांव चलो-घर चलो" अभियान के तहत ग्राम सांकरा में व्यापक जनसंपर्क किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी दयानंद सोनकर तथा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवि सिंगौर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उन्हें योजनाओं का लाभ और उनसे जुड़ी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर छोटू यादव (बूथ अध्यक्ष), मनहरण सिंगौर (सांसद प्रतिनिधि), तुलाराम सिंगौर (पंच), महेंद्र पारधी (पंच), कामता सिंगौर, तिहारु बघेल, यशवंत जांगड़े, उग्रसेन सिंगौर, पिंटू यादव, राजकुमार सिंगौर, विकास सिंगौर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा नेताओं ने किया योजनाओं का आंकलन

**जामगांव आर।** प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा संगठन के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पखवाड़ा के द्वितीय चरण में गांव चलो घर चलो अभियान जारी है। यहां असोगा , कौही बोरेन्दा, रानीतराई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों को सरकार की समस्त योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। महतारी वंदन के संबंध में केवाईसी , प्रधानमंत्री आवास, जी राम जी, नलजल योजना और सभी योजनाओं के चर्चा की गई। जिसमें जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, तहसील साहू संघ पाटन अध्यक्ष लालेश्वर साहू ,जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा ,युवा मोर्चा अध्यक्ष लुभम बंछोर, महिला मोर्चा अध्यक्ष गायत्री यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कौशल जंगीर ,एससी मोर्चा अध्यक्ष गंगाराम जोसी ,गुमान साहू मंडल उपाध्यक्ष , कोवेंद्र साहू हेमंत निर्मलकर , छावेंद्र अंगारे, रमेश टंडन , लीना साहू , सुरेश साहू ,योगेश्वर साहू , संतोष साहू, सोहन साहू , मुकेश साहू, नारद पाल, ईश्वर यादव , पुराणिक साहू , यशवंत साहू , कामेश निर्मलकर , रमेश साहू , पुरुषोतम साहू , पितेश साहू , अश्वनी साहू , आकाश यादव एवं भाजपा पदाधिकारी और समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आप से संजय सिंह का मोह भंग, पार्टी से दिया इस्तीफा

**दुर्ग ।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के संयुक्त सचिव एवं पाटन विस प्रभारी संजय सिंह ने शनिवार को पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होने इस्तीफे की वजह पार्टी में वैचारिक कारणों को बताया है। इस आशय का पत्र उन्होने पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व महासचिव को प्रेषित कर अपने इस्तीफे की सूचना दे दी है। युवा नेता संजय सिंह पूर्व में आम आदमी पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष पद को भी सुशोभित कर चुके हैं।

स्थापना दिवस पर भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों से किया संवाद, योजनाओं का लाभ लेने किया आह्वान

# भाजपा का गांव चलो, बस्ती चलो अभियान ग्राम भैनाभाठा मुड़पार में जानी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर "गाँव चलो, बस्ती चलो" अभियान के अंतर्गत ग्राम भैनाभाठा ,मुड़पार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर शहर जिला भाजपा प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, युगल देवांगन, मंडल अध्यक्ष, हर्ष तिवारी तथा प्रदेश संयोजक किसान एपीओ व पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष रेवा निषाद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली और उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया। राजेन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना से कार्य करने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि "गाँव चलो, बस्ती चलो" अभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरकार आमजन के जीवन स्तर को सुधारने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं।



शहर अध्यक्ष युगल देवांगन ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए संकल्पित है और "सेवा ही संगठन" के मंत्र के साथ पार्टी निरंतर जनसेवा में लगी हुई है।

वरिष्ठ नेता हर्ष तिवारी ने स्थापना दिवस को संगठन को मजबूत करने और जनसेवा के संकल्प को दोहराने का अवसर बताते हुए कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष रेवा निषाद ने किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इनसे किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिल रही है। उन्होंने किसानों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर गेंदें राम वर्मा, राजू गायकवाड़, सालिक बघेल, बैसाखू बघेल, पीला दास, भुनेश्वर बघेल, नेत राम बंजारे, अजय गायकवाड़, धनु राम, मांगीलाल, केली, रामवतार वर्मा, दिनेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, किसान, ग्रामीणजन एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# जनगणना : 16 अप्रैल से स्व-गणना 1 मई से होगा मकान सूचीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जनगणना 2026 के प्रथम चरण को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, स्व- गणना प्रक्रिया 16 से 30 अप्रैल तक संचालित की जाएगी, वहीं मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 से 30 मई के बीच किया जाएगा। प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आम नागरिकों की जागरूकता और सक्रिय सहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताया है। इसी के तहत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे जनगणना के प्रचार-प्रसार के लिए सभी उपलब्ध निःशुल्क माध्यमों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें।

- प्रचार-प्रसार के लिए प्रशासन ने जारी किए व्यापक निर्देश, जनसहयोग जरूरी

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर निकायों की कचरा संग्रहण गाड़ियों में लगे ऑडियो सिस्टम के माध्यम से जनगणना संबंधी संदेशों एवं जिंगल का प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों के एलईडी डिस्प्ले और नोटिस बोर्ड पर जनजागरूकता से जुड़े वीडियो एवं स्लोगन प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रमुख ट्रैफिक सिग्नल और चौराहों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के जरिए भी जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे। वहीं स्थानीय केबल नेटवर्क एवं जिला स्तरीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए व्यापक प्रचार अभियान चलाया जाएगा। स्कूलों, बस स्टॉप, ग्राम पंचायतों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग एवं प्रिंट विज्ञापन भी लगाए जाएंगे।

प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समयसीमा के अनुरूप 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए, जबकि 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाए। इसके लिए आवश्यक प्रचार सामग्री जैसे स्लोगन, वीडियो, जिंगल एवं अन्य सामग्री गूगल ड्राइव लिंक के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है, ताकि अधिकारी प्रभावी ढंग से जनजागरूकता बढ़ा सकें। अंत में प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करते हुए सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें, जिससे विकास योजनाओं के निर्माण में सटीक आंकड़ों का उपयोग सुनिश्चित हो सके।

# लोक कला महोत्सव में छलका संस्कृति का रंग योगेश तिवारी ने बढ़ाया कलाकारों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोंढ एवं भाठासोरही में आयोजित भव्य लोक कला महोत्सव में भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी शामिल हुए। उन्होंने लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की सराहना की।

- झांकियों व लोकनृत्य ने बांधा समां

महोत्सव के दौरान आकर्षक झांकियों, पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगीत और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर आधारित झांकियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं और युवा इस आयोजन में शामिल होकर उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लेते नजर आए।

इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि लोक कला महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन न केवल कला को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि हमारी परंपराओं, संस्कारों और सामाजिक मूल्यों को भी आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में आयोजित इस तरह के कार्यक्रम स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाने के साथ ही समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे उनमें अपनी परंपराओं के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है। योगेश तिवारी ने गांव स्तर पर होने वाले आयोजनों को सामाजिक एकता, भाईचारा और समरसता को मजबूत करने वाला बताया। उन्होंने लोक कलाकारों के प्रोत्साहन पर जोर देते हुए कहा कि उनकी कला ही हमारी सांस्कृतिक पहचान को जीवंत बनाए रखती है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के निरंतर आयोजन की आशा व्यक्त की। आयोजन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे और पूरे कार्यक्रम में उत्साह व सांस्कृतिक समरसता का माहौल बना रहा।

# 100 दिनी टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नवागढ़ में विशेष शिविर, 130 लोगों की हुई स्क्रीनिंग

**बेमेतरा/नवागढ़।** जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा द्वारा 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत लगातार विशेष गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम झांकी एवं मानपुर में "निक्षय निरामय फेस 0.2" अंतर्गत टीबी उन्मूलन शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में अत्याधुनिक हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से उच्च जोखिम समूह के 130 लोगों की निःशुल्क स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान 13 लोगों में टीबी के संभावित लक्षण पाए जाने पर उनके स्पुटम सैंपल अत्याधुनिक ट्रू-नाट मशीन से जांच हेतु संग्रहित किए गए। जिला क्षय अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक सुश्री संपत्ति बंजारे के समन्वय से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। नवागढ़ विकासखण्ड में बीएमओ डॉ. राहुल राज एवं बीपीएम सी.के. चंद्राकर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर के पूर्व मितानिनों व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सर्वे कर लोगों को टीबी के लक्षण, उपचार एवं बचाव के संबंध में जागरूक किया गया।

- झांकी व मानपुर में अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन से जांच, 13 संदिग्ध मरीजों के सैंपल लिए गए



शिविर में सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर प्रमोद साहू, रेडियोग्राफर मोहम्मद जावेद मंसूरी, जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट दीप निराला, मोहन यादव, प्रतिमा ठाकुर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति और सहभागिता से शिविर का सफल क्रियान्वयन किया गया।

टीबी उन्मूलन की दिशा में यह अभियान जिले में जनजागरूकता और समय पर जांच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# युवक कांग्रेस की नई कार्यकारिणी में प्रतीक दुबे बनाए गए जिला महासचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिला युवक कांग्रेस की नवगठित कार्यकारिणी में संगठन को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शहर युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रतीक दुबे को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति की घोषणा शुक्रवार को युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा की सहमति से की। प्रतीक दुबे की नियुक्ति को संगठन में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आने वाले समय में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के लिए इस तरह के निर्णय जारी रहेंगे। घोषणा के साथ ही संगठन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने प्रतीक दुबे को नई जिम्मेदारी मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और संगठन के प्रति आभार जताया। कार्यकर्ताओं का मानना है कि उनके अनुभव और सक्रियता से संगठन को नई दिशा मिलेगी। युवक कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि प्रतीक दुबे अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। हर्ष व्यक्त करने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष प्रणीश चौबे, सुमन गोस्वामी, मनोज शर्मा ,ललित विश्वकर्मा, मिथिलेश वर्मा ,शहर अध्यक्ष रश्मि फरेंद्र मिश्रा, वतन मिश्रा,पार्षद राजू साहू ,पूर्व नगर पालिका सभापति वाहिद रवानी ,गुलजार अली ,जोगिंदर छाबड़ा ,देव गर्ग ,संस्कार शर्मा, अजय राज सेन ,वैभव मिश्रा ,रवि परगनिया, विवेक सिंह राजपूत सहित अन्य कांग्रेस जन शामिल रहे।

- पूर्व शहर अध्यक्ष को बड़ी जिम्मेदारी, संगठन में नई ऊर्जा और मजबूती की उम्मीद

**संगठन को मजबूत करने का संकल्प**



जिला महासचिव बनाए जाने पर प्रतीक दुबे ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि युवक कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को साथ लेकर काम किया जाएगा। युवाओं की भागीदारी बढ़ाना और उनकी आवाज को संगठन के माध्यम से बुलंद करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# दुर्ग संभाग में न्यायिक मंथन: एक दिवसीय सेमिनार में 92 अधिकारियों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के तत्वावधान में जिला न्यायालय दुर्ग में संभाग के न्यायिक अधिकारियों के लिए एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमीनार का सफल आयोजन किया गया। सेमीनार में संभाग के पांच सिविल जिलों से कुल 92 न्यायिक अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति रजनी दुबे एवं न्यायमूर्ति रवीन्द्र कुमार अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य न्यायाधिपति ने अपने संबोधन में नवीन अधिनियमित आपराधिक कानूनों को न्याय व्यवस्था के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इन कानूनों में तकनीकी प्रगति को शामिल कर न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी और पीड़ित केंद्रित बनाया गया है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को इन कानूनों की गहन एवं व्यावहारिक समझ विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए नवाचारी प्रकरण प्रबंधन तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता बताई। साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत ई-साक्ष्य की ग्राह्यता पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।



कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें न्यायिक शिक्षा और विचार-विमर्श के महत्व को रेखांकित किया गया। वहीं, न्यायिक अकादमी के निदेशक ने सेमीनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बदलते कानूनी परिदृश्य में क्षमता निर्माण की आवश्यकता बताई। अंत में द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

सेमीनार के दौरान "मध्यस्थता 2.0 आई ए आई एस एजी आर - दुर्ग के लिए मध्यस्थता रणनीति मॉडल" नामक प्रकाशन का विमोचन भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया, जिसमें न्यायपालिका की मध्यस्थता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया गया।

विभिन्न तकनीकी सत्रों में सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 7 नियम 10 एवं 11, न्यायालय की अधिकारिता, वादपत्र निरस्तीकरण, निष्पादन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138, बीएनएसएस की धारा 351 के अंतर्गत अभियुक्त के परीक्षण तथा ई-साक्ष्य (धारा 63) जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिए गए।

नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में न्यायिक अधिकारियों ने भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों की गहन जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारी तथा दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा एवं राजनांदगांव जिलों के न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोगों की तत्परता से बची युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

एक हैरान कर देने वाली घटना में जहां एक ओर शराब की बोतल आत्मघाती कदम का कारण बन रही थी, वहीं उसी बोतल ने एक युवक की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। यह मामला पाटन क्षेत्र का है, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी और पार्षदों की सूझबूझ और तत्परता से एक युवक को नया जीवन मिल गया। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले अपने पार्षद साथियों के साथ रायपुर से पाटन लौट रहे थे। इसी दौरान आईटीआई पाटन के पास मोतीपुर मार्ग किनारे एक बबूल के पेड़ पर एक युवक को फांसी के फंदे पर झूलते हुए देखा गया। यह दृश्य देखते ही सभी लोग तुरंत वाहन से उतरकर मौके पर पहुंचे और बिना देर किए युवक को बचाने का प्रयास शुरू कर दिया। घटना स्थल पर रस्सी काटने के लिए कोई धारदार उपकरण उपलब्ध नहीं था। ऐसे में वहां पड़ी शराब की शीशी, जिसे युवक ने पी थी, उसे फोड़कर उसके कांच के टुकड़े से रस्सी को काटा गया। पार्षदों ने मिलकर युवक को संभाला और नीचे उतारकर उसकी जान बचाई। युवक की पहचान खोरपा वार्ड निवासी रवि ठाकुर के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद पाटन पुलिस को सूचना दी गई और युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर किया गया। फिलहाल युवक की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि समय पर लिया गया निर्णय और मानवीय संवेदनाएं किसी की भी जान बचा सकती हैं।

# आम आदमी पार्टी का किसान न्याय जनसभा आज मारो में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जायसवाल का प्रथम नगर आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/मारो

आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेशभर में किसानों के हित एवं संगठन विस्तार को लेकर सक्रियता बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में मारो नगर पंचायत क्षेत्र में किसान न्याय जनसभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल पहली बार नगर आगमन कर सभा को संबोधित करेंगे। यह जनसभा आगामी नगरीय निकाय चुनावों के मद्देनज़र काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। आम आदमी पार्टी ने संकेत दिए हैं कि इस बार नगर पंचायत चुनाव में पार्टी अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी और मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी। मारो नगर पंचायत के लिए पवन चंद्रवंशी को प्रभारी बनाया गया है। पवन चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. संदीप पाठक को प्रभारी एवं दिल्ली के विधायक मुकेश अहलावत को सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। दोनों नेताओं द्वारा नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट ली जा रही है और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य और जनहित के कार्यों के जरिए एक नया मॉडल प्रस्तुत किया है, जिसकी सराहना देश-विदेश में हुई है। सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था और निजी स्कूलों की फीस पर नियंत्रण जैसे कदमों को जनता ने काफी सराहा है। इसी मॉडल को आधार बनाकर पार्टी प्रदेश में भी कार्य करने की तैयारी में है।

**संगठन विस्तार का लक्ष्य**

पार्टी द्वारा प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा में पांच ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, जिनके माध्यम से 11,693 ग्राम पंचायतों और लगभग 21 हजार गांवों तक संगठन को मजबूत बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

**जनसभा की तैयारियां पूरी**

जिला बेमेतरा में सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने में राजेश टंडन और चुनाव सह प्रभारी आई.डी. चौसरे सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया जनसभा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और नगर पंचायत मारो की जनता से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप

### राज बने धमधा ब्लॉक युकां के नवनियुक्त अध्यक्ष

**धमधा।** कांग्रेस पार्टी राज पटेल को ब्लॉक युवा कांग्रेस का नवनियुक्त अध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस नियुक्ति पर ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा व जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता ने उनकी हर्ष जताते हुए कहा कि पूरे ब्लाक में युवा कांग्रेस मजबूत होगा। इनकी नियुक्ति पर पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे का आभार माना है।

### अमित को जमानत मिलने पर हर्ष

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण से विधानसभा चुनाव प्रत्याशी रहे कामेश्वर साहू ने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल को अंतरिम जमानत मिलने पर हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि सत्य की इस जीत से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़िया समाज में उत्साह का माहौल है।

### जनगणना प्रथम चरण प्रशिक्षण शुरू

**पाटन।** सेजस कन्या शाला पाटन में तहसील पाटन (ग्रामीण) अंतर्गत नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना प्रथम चरण का प्रशिक्षण शनिवार से शुरू हुआ। अनुविभागीय जनगणना अधिकारी पाटन लवकेश ध्रुव एवं तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी पाटन पवन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में जनगणना फील्ड ट्रेनरों पी. एल. सिन्हा,मोहित कुमार शर्मा, अशोक कुमार सिन्हा,वैभव तिवारी,नरोत्तम साहू,राजेश कुमार वर्मा, ललित ठाकुर राजकुमार गेण्डरे द्वारा दी गई।

### फांसी लगाकर दे दी जान

**अंडा।** थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत मिलपारा अंडा निवासी सब्जी व्यवसायी ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक रम्मन कुमार जोशी (57) ने अपने घर के पास खदान की पानी टंकी में रस्सी के सहारे आत्महत्या की। अंडा पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग भेजा। जांच जारी है।

---

आयोजन : माताओं की सक्रिय भागीदारी, 9 गतिविधि काउंटर के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर

# धूमधाम से मनाया पढ़ाई तिहार अंगना म शिक्षा 2026

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शनिवार शासकीय प्राथमिक शाला बैजी, संकुल केंद्र लोलेसरा में 'पढ़ाई तिहारः अंगना म शिक्षा 2026' कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में गांव की माताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति और व्यवहार की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर विद्यालय में 9 गतिविधि काउंटर बनाए गए, जहां माताओं ने अपने बच्चों के साथ विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इन काउंटरों में रजिस्ट्रेशन, शारीरिक विकास, क्रियात्मक विकास, बौद्धिक विकास, वर्गीकरण, भाषा विकास, गणित पूर्व आकार एवं गिनती, गणित पूर्व अंक जोड़ तथा बच्चों का कोना शामिल रहे। शिक्षकों ने माताओं को समझाया कि घरेलू वातावरण में भी बच्चों की पढ़ाई को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समुदाय और विद्यालय के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। संस्था प्रमुख एवं प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने बताया कि 'पढ़ाई तिहार' का मुख्य उद्देश्य बच्चों को दैनिक जीवन की वस्तुओं से जोड़कर सीखने की प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे अपनी मां के अधिक करीब रहते हैं, ऐसे में माताएं घर के कार्यों के दौरान भी बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित कर सकती हैं। कार्यक्रम में शिक्षक शत्रुघ्न साहू, उनीसा सिंहा, भारती वर्मा सहित अनेक ग्रामीण महिलाएं जैसे धान कुंवर, नंदनी साहू, तराना चेलक, गायत्री राजेश्वरी, पिंकी कुर्रे, मोतीम वर्मा, खिलेश्वरी यादव, प्रतिमा बघेल (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता) सहित अन्य की उपस्थिति रही।



### अकोला स्कूल में पढ़ई तिहार कार्यक्रम

साजा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में पढ़ई तिहार के अंतर्गत माता उन्मुखीकरण 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान माताओं के लिए विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के नौ काउंटर लगाए गए, जिनमें बच्चों ने अपनी माताओं के साथ भाग लिया। प्रधान पाठक हिम कल्याणी सिन्हा ने बच्चों के स्वास्थ्य व अनुशासन को लेकर माताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में मीना यादव और दुर्गेश्वरी साहू को "स्मार्ट माता" के रूप में सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में माताओं व शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## बीजागोड़ स्कूल में पढ़ई तिहार 2026 का सफल आयोजन

**बेमेतरा।** साजा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में आज माता उन्मुखीकरण, "अंगना म शिक्षा" एवं पढ़ई तिहार 2026 कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाना तथा माताओं को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताओं एवं पालकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।




कार्यक्रम के दौरान "स्मार्ट माता" की विशेष अवधारणा पर जोर दिया गया, जिसके अंतर्गत माताओं को बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाने, घर पर सकारात्मक सीखने का माहौल तैयार करने तथा सरल एवं आधुनिक तरीकों से बच्चों को सिखाने के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन में नौ विभिन्न शैक्षणिक काउंटर बनाए गए, जिनमें भाषा विकास, गणित गतिविधि, खेल-खेल में सीखना, कहानी एवं चित्र वाचन, लेखन कौशल, संज्ञानात्मक विकास, कला एवं रचनात्मक गतिविधि तथा अभिभावक सहभागिता जैसे विषय शामिल रहे। प्रत्येक काउंटर पर बच्चों और माताओं को रोचक एवं सरल गतिविधियों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से जोड़ा गया। कार्यक्रम का संचालन नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रधान पाठक विशेषर नेताम एवं संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया ।

## डीहपारा बासीन स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन में पढ़ई तिहार के अंतर्गत 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बुनियादी स्तर पर बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया गया, जिसमें आगामी सत्र में कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले बच्चों एवं उनकी माताओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम के तहत शाला में 9 काउंटर लगाए गए, जहां बच्चों को भाषा, गणित, रंग पहचान, अक्षर-शब्द पढ़ना, वर्गीकरण, संतुलन, रंग भरना और पेपर फोल्डिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर दिया गया। इन गतिविधियों के जरिए बच्चों की प्रारंभिक तैयारी को रोचक और प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया।

संस्था प्रमुख गोपी चरण साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से माताओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, ताकि वे घर पर ही उपलब्ध सामग्री से बच्चों को खेल-खेल में सिखा सकें और उनकी पढ़ाई में सहयोग कर सकें। उन्होंने इसे शासन की एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इससे बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ेगी।

#### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में जमुना ठाकुर, पूर्णिमा, भुनेश्वरी, गोपेश्वरी बाई, महेश्वरी, यशोदा, लखनी, सविता, लीला, मोनिका, नजमा, जानकी, सावित्री, नमेश्वरी, लता सहित अन्य माताएँ एवं सफाई कर्मचारी पुन्नी लाल गोंड उपस्थित रहे।*

## शाला खपरी धोबी में मनाया पढ़ाई तिहार

**बेमेतरा।** विकासखंड साजा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी में "पढ़ई तिहार, अंगना म शिक्षा" कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ उनकी माताओं, शिक्षकगण एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।



कार्यक्रम का संचालन स्मार्ट माता अमोला भाई यादव के नेतृत्व में तथा प्रभारी प्रधान पाठक धनेश रजक के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न लर्निंग काउंटर स्थापित किए गए, जहाँ माताओं ने बच्चों के साथ मिलकर भाषा, गणित एवं कौशल आधारित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक एवं सांस्कृतिक झलक भी देखने को मिली। स्मार्ट माता अमोला यादव द्वारा बच्चों को लोरी सुनाई गई, वहीं उपस्थित माताओं ने छत्तीसगढ़ी विवाह गीत गाकर वातावरण को जीवंत बना दिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता के माध्यम से बच्चों की शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाना तथा "हर माँ बनेगी शिक्षक, हर घर बनेगा समर कैंप" की सोच को साकार करना है। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनेश रजक, सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम, स्वयंसेवी शिक्षिकाएं गुनिता यामिनी निर्मलकर, किरण निर्मलकर, सुरेखा निर्मलकर, पार्वती निर्मलकर, श्यामा वर्मा सहित बड़ी संख्या में पालक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

# बुनियादी गणित के अप्रोच व चारों ब्लॉक मॉडल पर डाइट में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में आयोजित एफएलएन एवं नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षण प्रशिक्षण का तृतीय दिवस उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों को बुनियादी गणित के प्रभावी शिक्षण के विभिन्न आयामों से अवगत कराया गया।

- गणित शिक्षण को रोचक बनाने के तरीकों पर हुई विस्तृत चर्चा



कार्यक्रम में डीआरजी खिलेंद्र कुमार साहू ने पर्यावरण विषय की वार्षिक कार्ययोजना, समग्र एवं वार्षिक आकलन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन परत क्षरण, जल, वायु एवं मृदा प्रदूषण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं वनों की कटाई जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा करते हुए ट्रैकर के माध्यम से समझाया। मास्टर ट्रेनर डीआरजी यामिनी वर्मा ने एफएलएन, निपुण भारत मिशन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बुनियादी गणित के प्रमुख घटकों—संख्या ज्ञान, संक्रियाएं, आकृतियां, स्थानिक समझ, पैटर्न, मापन, आंकड़ों का प्रबंधन एवं मौखिक गणितीय संप्रेषण—पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ईएलपीएस अप्रोच एवं गणित शिक्षण के फोर ब्लॉक मॉडल (मौखिक गणित बातचीत, कौशल शिक्षण, कौशल अभ्यास एवं गणितीय खेल) का डेमो प्रस्तुत कर प्रशिक्षण को व्यवहारिक रूप दिया। डीआरजी गिरिजा पटेल ने समूह गतिविधियों के माध्यम से गणित सीखने में बच्चों को आने वाली कठिनाइयों, उनके समाधान हेतु रणनीतियों, लर्निंग पिरामिड, तथा बुनियादी एवं स्कूली शिक्षा के अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से गणित शिक्षण को सरल एवं रोचक बनाने के प्रभावी उपाय साझा किए। डीआरजी आशा चंदेल ने टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) के प्रभावी उपयोग एवं शिक्षण संदर्शिका के उपयोग में आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार रखे। समापन सत्र में पूर्व माध्यमिक शाला बिलई के शिक्षक मनोज कुमार पाटिल ने छत्तीसगढ़ी भाषा में रचित कविता "पंचतंत्र के मणि" प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर किया। वहीं प्रशिक्षण प्रभारी जी.एल. खुटियारे (व्याख्याता, डाइट बेमेतरा) ने मैं तो अपने हाथी को गिनती सिखाता एवं गोली दन-दन हो गई गीतों के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर बीआरजी के रूप में खुशबू दुबे, अहिल्या कुंजाम, डोगेंद्र कुंजाम, सावित्री साहू, निखिल तिवारी, शांत कुमार पटेल, अम्बालिका पटेल, रमा तरार, ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे, राधेश्याम बैस, शिखा चौबे, मन्नू लाल साहू एवं उद्धव साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आईआईटी भिलाई के प्रशिक्षण में थान खम्हरिया स्कूल के शिक्षक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नई शिक्षा नीति के तहत नवाचारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईआईटी भिलाई द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 'टीचर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम' में नगर के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय थान्खमहरिया के शिक्षक भी सम्मिलित हुए ।

- नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षक ने लिया नवाचार आधारित प्रशिक्षण



इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुभवात्मक शिक्षा और भविष्य की तकनीकों के तालमेल पर जोर दिया गया। रटने के पद्धति के बजाय प्रयोगों पर रहेगा जोर दिया गया।प्रशिक्षण में विद्यालय के जीवविज्ञान व्याख्याता श्रेयांश शर्मा ने भाग लिया।प्रशिक्षण शिविर मे कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बच्चों को पारंपरिक 'रटने' की पद्धति से मुक्त कर गतिविधियों, प्रयोगों और व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से पढ़ाना था। शिक्षकों को सिखाया गया कि कैसे जटिल विषयों को खेल-खेल में और दैनिक जीवन के अनुभवों से जोड़कर समझाया जा सकता है। आईआईटी भिलाई के विशेषज्ञों ने शिक्षकों को भविष्य की शिक्षा प्रणाली से रूबरू कराते हुए आधुनिक शिक्षा,प्राकृतिक जुड़ाव तथा शिक्षक साथी जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण से लौटे सेजेस के शिक्षक श्रेयांश शर्मा ने बताया कि दृश्य प्रोग्रामिंग डेटा साइंस और मैट्रोमैटिक्स का शिक्षा में उपयोग को प्रभावी ढंग से बताया गया तथा प्राकृतिक खेती को शिक्षा के साथ जोड़ना और आईआईटी भिलाई द्वारा विकसित इस विशेष सॉफ्टवेयर की जानकारी दी गई, जो बच्चों के मानसिक स्तर के अनुसार पाठ्य सामग्री को रोचक बनाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षको से विद्यार्थियों को मिलेगा विशेष लाभ मिलेगा इस प्रशिक्षण का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, तार्किक सोच और जटिल समस्याओं को सुलझाने के कौशल विकसित करना है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि श्रेयांश शर्मा से प्राप्त यह अनुभव विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय स्तर पर थान्खमहरिया स्कूल की चमक भी दिखेगी उल्लेखनीय है कि पीएमश्री थान्खमहरिया के शिक्षक लगातार राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इससे पूर्व भी व्याख्याता श्रेयांश शर्मा पुणे में और मारिया अंजुम जम्मू विश्वविद्यालय में आयोजित उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले चुकी हैं। विद्यालय की इस उपलब्धि पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने खुशी जाहिर की है।

# बेरला में कांग्रेस की बैठक संगठन मजबूती पर जोर, बूथ स्तर तक विस्तार की रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर कांग्रेस संगठन ने बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक में अपनी सक्रियता तेज कर दी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की प्रथम बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने शामिल होकर संगठनात्मक मजबूती और बूथ स्तर तक विस्तार पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए आशीष छाबड़ा ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए बूथ कांग्रेस कमेटियों का गठन प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की राय और सहमति को महत्व देते हुए जल्द से जल्द गठन की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसका जुझारू कार्यकर्ता है, जो हर परिस्थिति में पार्टी के सिद्धांतों और जनहित के मुद्दों पर डटा रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन ने पदाधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना जरूरी है। जिला अध्यक्ष ने संकेत दिए कि संगठन में अनुभवी और युवा दोनों वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने की रणनीति अपनाई जा रही है, ताकि आने वाले समय में कांग्रेस को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आम जनता के बीच सक्रिय रहने और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। बैठक में जिला कांग्रेस प्रभारी सुनील माहेश्वरी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करने की बात कही। इस बैठक में सतीश मार्कंडेय, ललित विश्वकर्मा, कविता साहू, रवि परगहनिया, विवेक (सुमित) सिंह राजपूत, राजेश दुबे, रास बिहारी कुर्रे, सविता हिरवानी, राजेश चंदेल, योगिता साहू, रामसिंह गायकवाड़, किशन साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- कांग्रेस की असली ताकत उसका जुझारू कार्यकर्ता है : आशीष

# पीएम राहत योजना, आई-रेड और ई-डार प्लेटफॉर्म के प्रभावी क्रियान्वयन पर एक दिनी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित और बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में थाना एवं चौकी प्रभारियों सहित सीसीटीएनएस आरक्षकों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू की उपस्थिति एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसमें प्रधानमंत्री राहत योजना, आई-रेड एवं ई-डार प्लेटफॉर्म के माध्यम से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को अधिकतम 1,50,000 तक कैशलेस उपचार सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

- अधिकारी व पुलिस कर्मचारी रहे उपस्थित
- गोल्डन ऑवर में उपचार पर जोर



प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा "पीएम राहत – सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल में भर्ती एवं सुनिश्चित उपचार योजना" के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर के भीतर पीड़ित को अस्पताल पहुंचाना बेहद महत्वपूर्ण है और योजना के तहत अधिकतम 7 दिनों तक प्रति पीड़ित 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाता है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क दुर्घटना के मामलों में ई-डार प्लेटफॉर्म पर समयबद्ध प्रविष्टि एवं प्रमाणीकरण सुनिश्चित करें, साथ ही पीड़ितों को नामित अस्पतालों तक शीघ्र पहुंचाने के लिए समन्वय स्थापित करें। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से ही योजना का लाभ समय पर पीड़ितों तक पहुंच सकता है।

कार्यक्रम में डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी भुषण एक्का, एसडीओपी विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू, मास्टर ट्रेनर ईश्वर वर्मा सहित जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक एवं अन्य पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

### तीन सड़क हादसे में एक महिला की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि गोड़पेंडरी गांव के पास महिला अपने पोते के साथ दुर्ग से गरियाबंद जा रही थी। तभी स्कूटी सीजी 23 एम 5835 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रेलिंग से जा टकराई। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं युवक के पैर में गंभीर चोट आई है। ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। वहीं दूसरी घटना गोड़पेंडरी का ही है। जहां पाटन से दुर्ग की ओर जा रहा बाइक सवार युवक सड़क पर बिखरे मुरुम की चपेट में आने से डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में युवक को मामूली चोटें आईं। तीसरी घटना पाटन थाना क्षेत्र की है जहां एसडीओपी कार्यालय के पास दुर्गा मंदिर के समीप दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।



# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

FIT INDIA

SCHOOL INNOVATION COUNCIL

SMART CLASSROOM

## ADMISSION OPEN 2026-27

## SHAKUNTALA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, Ram Nagar, Bhilai



0788 403 3217

## SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, Risali Sector, Bhilai



0788 2265810

### SCHOOL FACILITIES

- Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
- Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
- Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
- Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
- State of the art AV room & Music room
- 24x7 Power Supply Via Genset

## SHAKUNTALA VIDYALAYA NO - 2

Affiliated to State Board, Ram Nagar, Bhilai

Class XI to XII | 0788 2295357

## SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to State Board, Vaishali Nagar, Bhilai

KG-1 to VIII | 0788 4033623

## Shakuntala GURUKUL

Hostel

" घर से दूर..
एक घर "

- Seperate Hostel Facility for Boys and Girls.
- AC Hostel Room with attached Bathroom.
- In-Class Coaching Facility for students.
- Hot (Geyser) and Cold Water Facility.
- Dedicated Medical Facility.



883 998 2041

Ram Nagar, Bhilai

Deepak Advertisers